वन विभाग उत्तराखण्ड
हेल्पलाइन 1926
Phone & Fax no. 0135-2658294 E-mail: cfshiwa-forest-uk@nic.in

कार्यालय वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

International Year of Cooperatives 2025

पत्रांक– 1986 /12–1 दिनांक, देहरादून 09 जनवरी, 2026

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
कालसी भूमि संरक्षण वन प्रभाग,
कालसी।

विषयः– जनपद देहरादून के विकासनगर में ग्राम पंचायत पष्टा की माजरा (हरिजन बस्ती) आमवाला, मल्लावाला II से पीपलसार तक भूड से मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 3.955 है० वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन किये जाने के सम्बन्ध में। (Online No. FP/UK/126632/2021)

संदर्भः– आपका पत्रांक– 1815/12–1 दिनांक 03.01.2026।

महोदय,

संदर्भित पत्र द्वारा प्रेषित प्रस्ताव निम्न त्रुटियों के निराकरण हेतु वापस किया जाता हैः–

क्र0	आपत्ति	अपेक्षित कार्यवाही जो की जानी है
1.i	प्रस्तावित ग्राम आमवाला–मल्लावाला–साल के घने वन क्षेत्र तथा पूर्ण रूप से आरक्षित वन के मध्य स्थित है। संबंधित वन मंडल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यह अतिक्रमण क्षेत्र तो नहीं है तथा इस हेतु प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें।	प्रभागीय वनाधिकारी प्रस्तावित मार्ग का स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर स्पष्ट करें कि ग्राम– आमवाला– मल्लावाला से लगे वन क्षेत्र में कोई अतिक्रमण तो नही है तदनुसार इस आशय का अद्यतन प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।
1 .iii	ग्राम पष्टा से कम घनत्व के क्षेत्र से भी मार्ग प्रस्तावित किया जा सकता है जिस वैकल्पिक संमरेखण का कोई परीक्षण नहीं किया गया है। ग्राम पष्टा से वैकल्पिक समरेखण का सम्पूर्ण विवरण तुलनात्मक चार्ट में प्रेषित किया जाए।	प्रस्तावित मोटर मार्ग निर्माण हेतु वैकल्पिक संरेखण का विवरण अंकित नही है इस हेतु तुलनात्मक विवरण के साथ के0एम0एल0 फाईल अपलोड की जानी अपेक्षित है।
1 .iv	वर्तमान में ग्रामवासियों के आवागमन के मार्ग की जानकारी प्रस्तुत करते हुए के०एम०एल० फाईल पर अंकित किया जाए।	लो0नि0वि0 द्वारा ग्रामवासियों के आवागमन के सम्बन्ध में आख्या दी गई है, भारत सरकार की आपत्ति के अनुसार के0एम0एल0 अपलोड की जानी अपेक्षित है।
3	Blank space plantation scheme of Rs. 650000/- other than CA uploaded online. State Govt, is requested to proposal the estimate for CA only as per the guideline.	क्षतिपूरण वृक्षारोपण का आंगणन प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) उत्तराखण्ड, देहरादून के कार्यालय पत्रांक– क–1191/3–5–2(FC) दिनांक 26.03.2025 द्वारा निर्धारित नवीनतम दरों पर बनाकर अपलोड किया जाना अपेक्षित है।

अतः उक्त प्रस्ताव में भारत सरकार में लगाई गई आपत्तियों का बिन्दुवार उत्तर ऑनलाईन प्रस्ताव में यथास्थान अपलोड करते हुए प्रस्ताव 02 हार्ड प्रतियों में समस्त संलग्नों सहित यथाशीर्घ इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। तदनुसार प्रस्ताव की स्वीकृति के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सकेगी।

भवदीय

(राजीव धीमान)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

O/C

D:\I\Phone\letter from 09-09-2025.docx